**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-927**
**सोमवार, 26 जुलाई, 2021/4 श्रावण, 1943 (शक)**

**कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा**

**927. सुश्री एस. जोतिमणिः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में, विशेषकर करूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में, श्रमबल में महिलाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) तमिलनाडु में श्रमबल में महिलाओं की उद्योग-वार संख्या कितनी है;
(ग) देश में महिला उद्यमियों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(घ) तमिलनाडु में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में कार्य कर रही महिलाओं की जिला-वार संख्या कितनी है; और
(ङ) संगठित और असंगठित क्षेत्र में कार्यस्थल पर महिलाओं के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क): राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2019-20 के दौरान आयोजित किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों के अनुसार, देश में तमिलनाडु सहित 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की उपलब्ध सीमा तक सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर महिला श्रम बल भागीदारी दर का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध-I पर रखा गया है।

(ख) एवं (ग): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, 20.07.2021 को पोर्टल पर कुल 6,28,447 महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसएमई पंजीकृत हैं। 1 जुलाई 2020 से पूर्व, उद्योग आधार ज्ञापन के माध्यम से एमएसएमई पंजीकरण किया गया। 20.07.2021 को उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकृत महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसएमई तथा उद्योग आधार ज्ञापन के तहत पंजीकृत (स्थापना से, 30.06.2021 तक) का राज्य-वार ब्यौरा क्रमशः अनुबंध II और III पर दिया गया है।

(घ): 20.07.2021 को, उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, तमिलनाडु में एमएसएमई क्षेत्र में कुल 1265688 महिलाएं कार्यरत हैं। जिला-वार विवरण अनुबंध-IV पर दिया गया है।

(ड.): सरकार ने श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी में सुधार के लिए अनेकों पहल की हैं। महिलाओं के रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए, महिला कामगारों के लिए कार्य का अनुकूल माहौल तैयार करने हेतु श्रम कानूनों में अनेक सुरक्षात्मक प्रावधान शामिल किए गए हैं। इनमें सवेतन प्रसूति अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना, 50 या इससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में अनिवार्य क्रेच सुविधा के प्रावधानों का उपबंध, पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ रात्रि की पालियों में महिला कामगारों को अनुमति देना आदि शामिल हैं। सरकार ने संध्या 7 बजे से सुबह 6 बजे के बीच खुली खुदाई वाले कामकाज तथा भूमिगत कामकाज में सुबह 6 बजे से संध्या 7 बजे के बीच तकनीकी, पर्यवेक्षी और प्रबंधकीय कार्य, जहां निरंतर उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी, सहित भूमि के ऊपर खदानों में महिलाओं को रोजगार की अनुमति देने का निर्णय लिया है।

सामान परिश्रमिक अधिनियम, 1976 को अब मजदूरी संहिता, 2019 में शामिल कर लिया गया है। यह व्यवस्था करता है कि समान नियोक्ता द्वारा मजदूरी से संबंधित मामलों में लिंग के आधार पर कर्मचारियों के बीच किसी प्रतिष्ठान या किसी भी इकाई में समान कार्य या समरूप प्रकृति के कार्य के संबंध में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, रोजगार की स्थिति में समान कार्य या समान प्रकृति के कार्य के लिए किसी भी कर्मचारी की भर्ती करते समय लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा, सिवाय इसके कि जहां इस तरह के कार्य में महिलाओं का रोजगार उस समय प्रवर्तित किसी भी कानून द्वारा उसके तहत प्रतिबंधित अथवा निषिद्ध हो।

**अनुबंध-I**

**कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के बारे में पूछे गए लोक सभा के दिनांक 26-07-2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 927 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति + सहायक स्थिति) के अनुसार महिला श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) आयु समूह: 15 वर्ष और उससे अधिक

(प्रतिशत में)

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र** | **2019-20 (पीएलएफएस)** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 39.2 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 22.9 |
| 3 | असम | 16.4 |
| 4 | बिहार | 9.5 |
| 5 | छत्तीसगढ | 53.1 |
| 6 | दिल्ली | 16.1 |
| 7 | गोवा | 28.2 |
| 8 | गुजरात | 31.1 |
| 9 | हरियाणा | 15.7 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 65.0 |
| 11 | झारखंड | 35.7 |
| 12 | कर्नाटक | 33.8 |
| 13 | केरल | 31.9 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 37.7 |
| 15 | महाराष्ट्र | 38.7 |
| 16 | मणिपुर | 29.9 |
| 17 | मेघालय | 45.7 |
| 18 | मिजोरम | 37.0 |
| 19 | नागालैंड | 43.0 |
| 20 | उड़ीसा | 33.1 |
| 21 | पंजाब | 23.7 |
| 22 | राजस्थान | 38.6 |
| 23 | सिक्किम | 59.4 |
| 24 | तमिलनाडु | 40.2 |
| 25 | तेलंगाना | 44.3 |
| 26 | त्रिपुरा | 24.2 |
| 27 | उत्तराखंड | 31.8 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 17.7 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 24.0 |
| 30 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 35.9 |
| 31 | चंडीगढ़ | 20.4 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली | 52.3 |
| 33 | दमन और दीव | 35.8 |
| 34 | जम्मू और कश्मीर | 37.4 |
| 35 | लद्दाख | 51.1 |
| 36 | लक्षद्वीप | 29.7 |
| 37 | पुड्डुचेरी | 31.6 |
| | अखिल भारतीय | 30.0 |

स्रोत: वार्षिक रिपोर्ट, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस), 2019-20
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय।

**कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के बारे में पूछे गए लोक सभा के दिनांक 26-07-2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 927 के भाग (ख) एवं (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| आंरभ से उद्यम पंजीकरण के तहत कुल पंजीकृत महिला एमएसएमई | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल पंजीकृत एमएसएमई |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 16143 | 919 | 60 | 17122 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 253 | 12 | 3 | 268 |
| 3 | असम | 4201 | 185 | 7 | 4393 |
| 4 | बिहार | 19892 | 201 | 26 | 20119 |
| 5 | छत्तीसगढ | 5130 | 224 | 13 | 5367 |
| 6 | गोवा | 1390 | 38 | 3 | 1431 |
| 7 | गुजरात | 47510 | 2182 | 95 | 49787 |
| 8 | हरियाणा | 15664 | 1058 | 58 | 16780 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 2361 | 114 | 6 | 2481 |
| 10 | झारखंड | 7212 | 153 | 5 | 7370 |
| 11 | कर्नाटक | 36049 | 1417 | 90 | 37556 |
| 12 | केरल | 17133 | 568 | 34 | 17735 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 16810 | 764 | 36 | 17610 |
| 14 | महाराष्ट्र | 153478 | 3437 | 223 | 157138 |
| 15 | मणिपुर | 4238 | 19 | 2 | 4259 |
| 16 | मेघालय | 230 | 14 | 3 | 247 |
| 17 | मिजोरम | 516 | 5 | 0 | 521 |
| 18 | नागालैंड | 304 | 1 | 0 | 305 |
| 19 | उड़ीसा | 9898 | 363 | 9 | 10270 |
| 20 | पंजाब | 17507 | 653 | 30 | 18190 |
| 21 | राजस्थान | 35726 | 1693 | 82 | 37501 |
| 22 | सिक्किम | 127 | 5 | 0 | 132 |
| 23 | तमिलनाडु | 86240 | 2981 | 179 | 89400 |
| 24 | तेलंगाना | 28034 | 1023 | 72 | 29129 |
| 25 | त्रिपुरा | 328 | 16 | 0 | 344 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 37789 | 1347 | 96 | 39232 |
| 27 | उत्तराखंड | 5125 | 192 | 9 | 5326 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 12249 | 798 | 48 | 13095 |
| 29 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 554 | 12 | 2 | 568 |
| 30 | चंडीगढ़ | 1083 | 54 | 3 | 1140 |
| 31 | दादर और नगर हवेली | 387 | 31 | 1 | 419 |
| 32 | दमन और दीव | 172 | 14 | 1 | 187 |
| 33 | दिल्ली | 16426 | 1098 | 91 | 17615 |
| 34 | जम्मू और कश्मीर | 3823 | 107 | 3 | 3933 |
| 35 | लद्दाख | 90 | 3 | 0 | 93 |
| 36 | लक्षद्वीप | 7 | 0 | 0 | 7 |
| 37 | पुदुचेरी | 1289 | 78 | 10 | 1377 |
| | अखिल भारतीय | **605368** | **21779** | **1300** | **628447** |

स्रोत: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय।

**कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के बारे में पूछे गए लोक सभा के दिनांक 26-07-2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 927 के भाग (ख) एवं (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| आंरभ से 30/06/2020 तक उद्योग आधार ज्ञापन के तहत कुल पंजीकृत महिला एमएसएमई | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल पंजीकृत एमएसएमई |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 86358 | 11267 | 161 | 97786 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 221 | 108 | 14 | 343 |
| 3 | असम | 4882 | 500 | 18 | 5400 |
| 4 | बिहार | 78648 | 2840 | 56 | 81544 |
| 5 | छत्तीसगढ | 8020 | 1171 | 46 | 9237 |
| 6 | गोवा | 1260 | 320 | 12 | 1592 |
| 7 | गुजरात | 90449 | 9668 | 206 | 100323 |
| 8 | हरियाणा | 29522 | 3438 | 72 | 33032 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 2096 | 474 | 16 | 2586 |
| 10 | झारखंड | 13266 | 1392 | 36 | 14694 |
| 11 | कर्नाटक | 58787 | 9002 | 245 | 68034 |
| 12 | केरल | 25424 | 2491 | 74 | 27989 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 161008 | 6333 | 125 | 167466 |
| 14 | महाराष्ट्र | 294010 | 24148 | 610 | 318768 |
| 15 | मणिपुर | 10404 | 998 | 6 | 11408 |
| 16 | मेघालय | 859 | 52 | 2 | 913 |
| 17 | मिजोरम | 1102 | 240 | 6 | 1348 |
| 18 | नागालैंड | 475 | 97 | 1 | 573 |
| 19 | उड़ीसा | 13881 | 2084 | 49 | 16014 |
| 20 | पंजाब | 30347 | 2731 | 43 | 33121 |
| 21 | राजस्थान | 67902 | 6280 | 135 | 74317 |
| 22 | सिक्किम | 183 | 57 | 2 | 242 |
| 23 | तमिलनाडु | 171988 | 15736 | 337 | 188061 |
| 24 | तेलंगाना | 43429 | 13676 | 188 | 57293 |
| 25 | त्रिपुरा | 1013 | 86 | 1 | 1100 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 79734 | 7095 | 170 | 86999 |
| 27 | उत्तराखंड | 8835 | 764 | 31 | 9630 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 29009 | 2446 | 100 | 31555 |
| 29 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 850 | 151 | 7 | 1008 |
| 30 | चंडीगढ़ | 1571 | 222 | 3 | 1796 |
| 31 | दादर और नगर हवेली | 490 | 137 | 3 | 630 |
| 32 | दमन और दीव | 428 | 81 | 5 | 514 |
| 33 | दिल्ली | 22522 | 3709 | 133 | 26364 |
| 34 | जम्मू और कश्मीर | 684 | 165 | 6 | 855 |
| 35 | लद्दाख | 6 | 2 | 0 | 8 |
| 36 | लक्षद्वीप | 15 | 3 | 0 | 18 |
| 37 | पुदुचेरी | 2291 | 351 | 4 | 2646 |
| | अखिल भारतीय | **1341969** | **130315** | **2923** | **1475207** |

स्रोत: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय।

**कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के बारे में पूछे गए लोक सभा के दिनांक 26-07-2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 927 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| आरंभ से उद्यम पंजीकरण के तहत तमिलनाडु राज्य में जिला-वार कुल महिला रोजगार | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिला** | **महिला** |
| 1 | अरियालुर | 3820 |
| 2 | चेंगलपट्टू | 4408 |
| 3 | चेन्नई | 244563 |
| 4 | कोयंबटूर | 117801 |
| 5 | कुड्डालोर | 23152 |
| 6 | धर्मपुरी | 17713 |
| 7 | डिंडीगुल | 26059 |
| 8 | इरोड़ | 44062 |
| 9 | कल्लाकुरिची | 1016 |
| 10 | कांचीपुरम | 68645 |
| 11 | कन्याकुमारी | 27440 |
| 12 | करूर | 20023 |
| 13 | कृष्णागिरी | 30130 |
| 14 | मदुरै | 50741 |
| 15 | मलियादुथुराई | 428 |
| 16 | नागपट्टिनम | 11990 |
| 17 | नमक्कली | 29619 |
| 18 | पेरम्बलुर | 2731 |
| 19 | पुदुक्कोट्टई | 9768 |
| 20 | रामनाथपुरम | 5445 |
| 21 | रानीपेट | 1368 |
| 22 | सलेम | 53586 |
| 23 | शिवगंगा | 8988 |
| 24 | तेनकासी | 1291 |
| 25 | तंजावुर | 22517 |
| 26 | नीलगिरीश | 10269 |
| 27 | थेनी | 11246 |
| 28 | तिरुवल्लुर | 58631 |
| 29 | तिरुवरुर | 5502 |
| 30 | तिरुचिरापल्ली | 31547 |
| 31 | तिरुनेलवेली | 19038 |
| 32 | तिरुपट्टू | 941 |
| 33 | तिरुपूर | 150484 |
| 34 | तिरुवन्नामलाई | 11625 |
| 35 | तूतीकोरिन | 21314 |
| 36 | वेल्लोर | 45534 |
| 37 | विल्लुपुरम | 18011 |
| 38 | विरुधुनगर | 54242 |
| | कुल | **1265688** |

स्रोत: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय।